# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से स्कूलों में प्रवेश और परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा।
- सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और कृषि मंत्री के प्रति अपनी अपील पर त्वरित कदम उठाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।
- भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
- द्वीपों में अगले दो दिनों तक वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क एकत्र करने के लिए यू पी आई अपनाने को कहा है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना है। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और एन सी ई आर टी, सी बी एस ई, के वी एस और एन वी एस जैसी स्वायत्त संस्थाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए यू पी आई अपनाने के लिए बल दिया है। यह कदम विधायी, नीतिगत और संस्थागत सुधारों के माध्यम से 'जीवन और स्कूली शिक्षा में आसानी' को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिनकी आजीविका द्वीप समूह में विभिन्न फसलों पर मिलीबग और सफेद मक्खी के बार–बार होने वाले संक्रमण से बुरी तरह प्रभावित हुई है, इस सिलसिले में सांसद

बिष्णु पर रे ने प्रधान मंत्री, गृह मंत्री और कृषि मंत्री के समक्ष कृषि वैज्ञानिकों की एक विशेषज्ञ टीम की तत्काल प्रतिनियुक्ति की मांग की थी। उनकी अपील पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, केंद्र सरकार ने व्यापक क्षेत्रीय मूल्यांकन के लिए कृषि वैज्ञानिकों की एक विशेषज्ञ टीम को द्वीपों में तैनात किया। यह टीम लिटिल अंडमान के वीके पुर, रवींद्र नगर और आर के पुर के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों और कार निकोबार के कुछ गाँवों में अपना निरीक्षण का कार्य शुरू कर दिया है। सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और कृषि मंत्री के प्रति अपनी अपील पर तत्काल प्रतिक्रिया देने और कृषक समुदाय की रक्षा तथा द्वीपसमूह में कृषि उत्पादकता बहाल करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

<><><><><><><>

मायाबंदर तहसील के लौखी नाला पर उचित पुल के अभाव के कारण पिछले कुछ वर्षों में हो रही दुर्घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन की कड़ी आलोचना की है। उनहोंने कहा कि उचित पुल के न होने के कारण यहा के निवासियों को कई सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने लौखी नाला पुल परियोजना की मांग करते हुए कहा कि प्रशासन तत्काल इस समस्या का समाधान निकाले जिससे यहां के स्थानीय लोगों को और परेशानियों का सामना न करना पड़े।

<><><><><><><>

भारतीय प्रणी सर्वेक्षण, अंडमान निकोबार क्षेत्रीय केंद्र द्वारा भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए "प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं विवाद समाधान कौशल" पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम कल से सत्रह अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर के तीस वरिष्ठ भारतीय वन सेवा अधिकारी भाग ले रहे हैं। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा शिक्षण के साथ क्षेत्र भ्रमण भी शामिल है, स्वराज द्वीप, रानी झाँसी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, वंडूर; बाराटांग मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र और चूना पत्थर की गुफा, चिड़ियाट्टापू जैविक उद्यान का क्षेत्रीय भ्रमण साथ ही दक्षिण अंडमान के बर्मानाला में

अंतर–ज्वारीय समुद्री जैव विविधता पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. आर.एस.सी. जयराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और मध्य प्रदेश वन्य जीवन के सेवानिवृत्त, पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. दिलीप कुमार और डॉ. एस. दिनेश कन्नन विशेष अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम सी शेल कोरल कोव, मिन्नी बे में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा पिछले महीने की 22 तारीख़ को की थी। इसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। आज एक नज़र उत्तरप्रदेश में विभिन्न उद्योगों पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर।

<><><><><><><>

दसवें आयुर्वेद दिवस और स्वच्छ भारत मिशन के तहत वंडूर बीच में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान आयुष विंग, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और ग्राम पंचायत वंडूर के सहयोग से हुआ। ग्राम प्रधान अधीर दास ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि स्वच्छता को केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि जीवनशैली बनाना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सूर्यकांत सिंह और आयुष अस्पताल के कर्मचारियों ने समुद्र तट से प्लास्टिक और कचरा हटाया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन स्थलों की स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना था।

<><><><><><><>

विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर मायाबंदर एजुकेशनल जोन द्वारा गवर्मेंट मिडिल स्कूल मायाबंदर में नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में गवर्मेंट मिडिल स्कूल मायाबंदर, गवर्मेंट प्राइमेरी स्कूल पुदुमदुराई और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कर्माटंग–दस के कुल एक सौ छियानब्बे छात्रों की जाँच की गई। नेत्र विशेषज्ञ द्वारा किए गए परीक्षण में छह छात्रों में दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं, जिन्हें आगे जाँच की सलाह दी गई।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय द्वारा 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' अभियान के तहत जे एन आर एम में नशा व मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और छात्रों को मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक रविंद्र कुमार, नोडल अधिकारी ए.के. बिश्वास, डॉक्टर महतो और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तंबाकू, शराब और नशीली वस्तुओं के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और मार्च 2026 तक चलने वाले पैंतालीस जागरुकता अभियानों की शुरुआत भी की गई।

<><><><><><><>

वन प्रशिक्षण संस्थान, विम्बर्लीगंज में आयोजित पाँच दिवसीय 'वन अग्नि प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम' का समापन समारोह आज संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि स्थानीय मुख्य वन संरक्षक डॉ. ए. अनिल कुमार, और अनुसंधान एवं कार्य योजना के मुख्य वन संरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को वन अग्नि की रोकथाम, प्रबंधन तकनीक और सामुदायिक सहयोग के महत्व पर प्रशिक्षण दिया गया।

<><><><><><><>

द्वीपों के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक कार निकोबार में बारह मिलीमीटर, हटबे में चार और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तीन दशमलव शून्य मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>